**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**30.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

## राष्ट्रमंडल सम्मेलन

धर्मशाला के तपोवन स्थित प्रदेश विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र–2 का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन आज शुरू हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्यसभा के उप–सभापति हरिवंश नारायण सिंह, प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी मौजूद रहे। सम्मेलन में हिमाचल के अलावा पंजाब, हरियाणा, जम्मू–कश्मीर, दिल्ली और देश के अन्य राज्यों से एक सौ 78 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने बताया कि सम्मेलन में विकास में विधायकों की भूमिका, दलबदल विरोधी कानून और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

---

## भाजपा

प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष को लेकर तस्वीर साफ हो गई है और आज नामांकन पत्र भरने के दिन केवल एक ही नामांकन पत्र भरा गया, जो वर्तमान अध्यक्ष राजीव बिंदल ने भरा है। ऐसे में राजीव बिंदल का फिर से प्रदेश पार्टी अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। इसके अलावा राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के लिए भी 8 ही नामांकन पत्र भरे गए। इनमें पवन काजल, राजीव सहजल, त्रिलोक कपूर, पायल वैद्य, बिहारी लाल शर्मा, संजीव कटवाल और गोविंद ठाकुर शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह कल शिमला में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के नामों की आधिकारिक घोषणा करेंगे। भाजपा चुनाव अधिकारी व सांसद राजीव भारद्वाज ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए राजीव बिंदल के नाम 3 अनुमोदन दाखिल हुए हैं। पहले सैट में जयराम ठाकुर के नेतृत्व में सभी विधायकों ने अनुमोदन किया। इसी प्रकार दूसरे सैट में अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में सभी सांसदों ने अनुमोदन प्रस्तुत किया है। तीसरे सैट में गोविंद ठाकुर के नेतृत्व में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाम प्रस्तुत किया।

---

## मौसम

प्रदेश में पिछले दो दिनों से हो रही मॉनसून की भारी वर्षा से सामान्य जनजीवन बुरी तरह अस्त–व्यस्त हुआ है। भारी वर्षा के बाद नदी–नाले उफान पर हैं और अनेक स्थानों पर भूस्खलन और भवन गिरने की घटनाएं हुई हैं। राजधानी शिमला के भट्टाकुफर क्षेत्र की माठू कॉलोनी में आज सुबह पांच मंजिला ईमारत गिर गई। हालांकि दरारें आने के कारण इस ईमारत को बीती रात ही खाली करवा लिया गया था, जिससे कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। शिमला जिले के रामपुर क्षेत्र की सरपारा पंचायत के सिक्ससेरी गांव में कल रात बादल फटने से रिहायशी मकानों व गौशालाओं को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने आज कांगड़ा, मंडी, सोलन और सिरमौर ज़िलों में भारी वर्षा का रैड अलर्ट

जारी किया है। इसके अलावा अन्य ज़िलों में भी भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। कल पहली जुलाई से 5 जुलाई तक प्रदेश के अनेक ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट है।

---

**कैलाश मानसरोवर यात्रा**

कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच वर्षों के अंतराल के बाद आज से शुरू हो गई। कोरोना महामारी के कारण वर्ष 2020 में इस यात्रा को स्थगित कर दिया गया था। इस वर्ष यह यात्रा सिक्किम में नाथुला पास और उत्तराखंड में लिपुलेख पास के मार्ग से आयोजित की जा रही है। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह यात्रा जून, जुलाई और अगस्त महीने में जारी रहेगी। कैलाश पर्वत भगवान शिव का निवास स्थान माना जाता है।

---